नगर पालिक निगम भिलाई

मासिक पत्रिका
सितंबर संस्करण 2017

नगर पालिक निगम भिलाई

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

भिलाईनगर/ दिव्यांग शिविर में पंजीयन एवं परीक्षण हुए आवेदन पत्रो का तत्काल आॅनलाईन करवा कर यु.डी.आई.डी नम्बर प्रदान किया जावेगा जिसका लाभ हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं में मिलेगा । बांटे गये फार्म यदि शिविर में जमा नही होते है तो घर-घर सर्वे करे और फार्म भरवा कर जमा लेवें । उक्त निर्देश आयुक्त के.एल.चैहान ने निःशक्तजन सशक्तिकरण अभियान अन्तर्गत शासकीय हाई स्कुल कोहका में आयोजित दिव्यांग परीक्षण एवं पंजीयन शिविर का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिये । उन्होने अभी तक आयोजित शिविर में पंजीयकृत हुए आवेदन पत्रो की जानकारी लेकर कहा कि निगम मुख्यालय में दिव्यांग हितग्राहियों के आवेदन पत्रो को एकत्र कर आॅनलाईन करें। शिविर स्थल पर ही निगम द्वारा किये गये फोटो ग्राफर की व्यवस्था का सभी ने प्रशंसा किये । ऐसे दिव्यांग जो शिविर स्थल पर स्वयं चल कर नही पहुंच पा रहे थे उनके लिए निगम द्वारा वाहन की व्यवस्था भी किया गया था । शिविर प्रातः10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया था जिसमें जोन 1 नेहरू नगर के वार्ड 7,8 एवं 9 तथा जोन 2 वैशाली नगर के वार्ड 10,11,13, एवं 14 में निवास करने वाले 293 दिव्यांग हितग्राहीं सहित अन्य वार्डो से आये 20 हितग्राहियों का पंजीयन एवं परीक्षण किया गया दिव्यांगता का प्रकार के अधार पर जांच हेतु अस्थि, कान, नाक,गला, मानसिक, मेडेसिन विभाग के डाक्टर श्रीमती रेणु तिवारी, राजीव चन्द्राकर,डा.स्वामी,वाधवानी एवं डा वाहरे उपस्थित थे । शिविर स्थल पर डिजिटल भुगतान सिस्टम को बढावा देने भी लोगो को जागरूक किया जा रहा था उसकी जानकारी दिया गया है ।

अमृत मिशन योजना फेस-02 के प्रगति की समीक्षा की आयुक्त चौहान ने

भिलाईनगर/ शहर की पेयजल योजना व्यवस्थित हो, घर-घर पानी पहुंचे, किसी परिवार को पानी की समस्या न हो के कार्य को पूर्ण करने के लिए मिशन अृमत के अंतर्गत पेयजल वाहिनी पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। शासन द्वारा समय-समय पर प्रगति की समीक्षा एवं मार्गदर्शन हेतु दिशा निर्देश प्राप्त होते रहते हैं।

आज आयुक्त के0एल0 चौहान, अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, ने सभी जोन के जोनआयुक्त, अभियंता, एवं कार्य करने वाली एजेंसी के कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक ली किस क्षेत्र में कितना प्रगति हुआ निर्धारित ड्राईंग के अनुरुप कार्य हो रहा है कि नहीं। निर्धारित बिन्दुओं का सुक्ष्म परीक्षण करने के उपरान्त ही नोडल अधिकारी नवीन पाईप लाईन बिछाने की स्वीृकति लिखित रुप से नक्शे पर चिन्हांकित कर पत्र के साथ संलग्न कर जारी करेंगे।

मात्र डीपीआर में प्रावधान होने का हवाला देते हुए, नवीन पाईप लाईन बिछाया जाना मान्य नहीं किया जावेगा, नोडल अधिकारी द्वारा अनुमोदित पाईप लाईन के मानचित के अुनसार ही अनुबंधित एजेंसी द्वारा पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जावेगा, जिसका पीडीएमसी एवं निकाय के अधिनस्थ तकनीकी अधिकारी द्वारा नियमित निरीक्षण किया जावेगा। शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरुप कार्य करने को आयुक्त के0एल0 चौहान ने निर्देशित किया।

शासन के डिजिटल इंडिया के तरफ बढ़ते कदम

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के सभागार में डिजिटल इंडिया के तरफ बढ़ते कदम के तहत् मोबाईल ऐप के द्वारा किस प्रकार से अटेंन्डेंस लिया जाने का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। रायपुर (सुडा) से आये मास्टर टे्नर श्रृष्टि शर्मा एवं उषा देवांगन ने सभी अधिकारी, कर्मचारी को प्रशिक्षण दी। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मोबाईल ऐप में सबसे पहले प्ले स्टोर से निष्ठा डाउनलोड करना पडेगा उसके बाद सभी डाटा में नाम, पता, आधार कार्ड नं., मोबाईल नं.,ईमेल आईडी, स्वयं का पासवर्ड स्वयं का सेल्फी लेने के बाद निष्ठा ऐप डाउनलोड हो जायेगा उसी के माध्यम से व्यक्ति अपने कार्यस्थल के 200 मीटर रेडियस के अंदर से अपना अटेंन्डेंस लगा सकता है अटेंडेंस इन और आउट (आने-जाने का समय) दोनों का होगा मोबाईल ऐप की विशेषता यह होगी कि यह व्यक्ति के 3 चीजों की रिडिंग करे। नियमित, संविदा, प्लेसमेंट आदि सभी प्रकार की उपस्थिति इसी के माध्यम से देना होगा। किसी कर्मचारी को अवकाश चाहिए तो उसे मोबाईल ऐप के माध्यम से ही एप्लीकेशन लोड करना होगा चाहे वह हाॅफ डे हो या पुरे दिन या अन्य प्रकार के अवकाश। नेट सिस्टम काम नहीं करेगा तो अटेंडेंस कैसे स्वीकार होगा आदि प्रश्न पुछे गये। जिसमें मास्टर ट्रेनर ने बताया कि यह एक शुरुआती प्रक्रिया है आवश्यकता के अनुसार हम उच्चाधिकारियों से परामर्श लेकर सिस्टम में सुधार किया जा सकता है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, सभी जोन के जोनायुक्त, मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, डाटा एन्ट्री आॅपरेटर, एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

कमिश्नर पहुंचे सुपेला संडे मार्केट व्यापारियों की दी समझाइश

भिलाई नगर निगम भिलाई क्षेत्र में सुपेला घड़ी चौक से लेकर कोका चौक तक संडे बाजार प्रत्येक रविवार को लगता है । जिसके कारण सुबह से शाम तक ट्रैफिक व्यवस्था अव्यवस्थित हो जाता है। इतना अधिक जाम लग जाता है कि अगर एंबुलेंस निकलना हो उसके लिए भी घंटों मशक्कत करनी पड़ेगी । स्थानीय नागरिकों द्वारा व्यापारियों द्वारा बार-बार जिला प्रशासन निगम प्रशासन पुलिस प्रशासन से मांग की जा रही थी की संडे मार्केट को व्यवस्थित तौर पर लगाया जाए . समस्या का निवारण करने के लिए आज जिला प्रशासन से a d m संजय अग्रवाल एडिशनल SP शशिमोहन सिंह .नगर निगम भिलाई के आयुक्त केएल चौहान औचक निरीक्षण करने मार्केट में पहुंचे सभी व्यापारियों को समझाइश दिए उन्हें चेतावनी दी गई अगले रविवार तक वे लोग रोड के ऊपर बाजार नहीं लगाएंगे ।

बाजार को सुपेला घड़ी चौक से लेकर कोका चौक तक किनारे पर लगा सकते हैं । सड़क पर फैले हुए सामानों को अपने हद में रखना होगा पेटी वाले खोमचे वाले फर्नीचर वाले ठेला वाले कपड़ा वाले सभी लोग बीच में रोड ब्लॉक करके समान सड़क पर रख देते हैं जिससे भारी असुविधा होती है । निगम प्रशासन सख्त निर्देश दिए की कल से यहां पर मुनादी की जाएगी सब को जानकारी दी जाएगी एक हद में दुकाने लगाना होगा । अगर कोई शासन के आदेश का अवहेलना करेगा उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी ।

स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारम्भ

भिलाईनगर/ स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारम्भ अवसर पर आयुक्त के0एल0 चौहान ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता का लक्ष्य जन भागीदारी के बिना संभव नहीं हैं 15 सितम्बर से 02 अक्टुबर तक आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निगम के प्रत्येक वार्ड में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

निगम मुख्य कार्यालय प्रांगण में अभियान की शुरुआत करते हुए स्वच्छता के क्षेत्र में निगम द्वारा किये गये कार्यों की फोटो प्रदर्शिनी एवं विडियो के माध्यम से प्रदर्शित होने वाले स्वच्छता पर आधारित फिल्म का शुभारम्भ करते हुए स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सभापति पी0श्यामसुन्दर राव ने कहा कि आज से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुरुआत हो रहा हैं जिसके तहत् स्वच्छता के कार्य में सीधे जनता को जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन निगम द्वारा किया जायेगा जिसमें पार्षदों की अहम जिम्मेदारी होगी कि वे नागरिकों को अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित करें। आयुक्त के0एल0 चौहान ने कहा कि अभियान के तहत् विभिन्न कार्यक्रमों के साथ-साथ 27 सितम्बर को विशाल मोटर साईकल रैली मुख्य कार्यालय सुपेला से प्रातः 8 बजे निकाली जायेगी जो वार्डों का भ्रमण कर कचरे के पृथक्कीकरण के बारे में तथा स्वच्छता कार्य से जोड़ने के लिए नागरिकों को जागृत करेगी। 16 सितम्बर को कोहका मंगल बाजार में स्वच्छता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शाम 7 बजे किया जायेगा।

स्वच्छता कलश यात्रा निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

भिलाईनगर/ स्वच्छ भारत अभियान के तहत् चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के पखवाड़े में आज स्वच्छता कलश यात्रा निकालकर सैकड़ों महिलाओं ने स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता कलश यात्रा के दौरान अण्डा चौक के पास हनुमान मंदिर से जल भरकर परम्परा अनुसार मा दुर्गा की प्रतिमा के साथ लम्बी कलश यात्रा निकाली गई। सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव ने बताया कि पिछले 24 वर्षों से लगातार इस प्रकार का कार्यक्रम किया जाता है जिस परिवार के लोग अपने परिवार की खुशहाली के लिए ज्योति स्थापित करते हैं उस घर की महिलाएं स्वयं चलकर जल भरकर लाती है जिसे कलश स्थापना स्थल पर रखा जाता है उन्ही कलशों में ज्योति प्रज्वलित की जाती है । बालाजी नगर के भूतपूर्व वीर सैनिक उल्लूर, सीताराम, राजू चौक के पास स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमा के पास स्थापित किया जाता है। अण्डा चौक निवासी गृहणी पुष्पलता ने कहा पिछले 24 वर्षों से शरद नवरात्री में कलश यात्रा में भाग ले रही हुॅ इस बार स्वच्छ भारत अभियान के स्वच्छता ही सेवा से जुड़कर ऐसा लग रहा है कि मैं भी इस राष्ट्रव्यापी अभियान के देश हित में कार्य कर सकती हु। नगर निगम महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने सभी दुर्गा पुजा पण्डाल के व्यवस्थापक सदस्यों से अनुरोध किया है कि अपने कार्यक्रम स्थल में स्वच्छ भारत का स्वच्छता ही सेवा का बेनर लगायें, स्वच्छता के लिए सबको प्रेरित करें, स्वच्छता के बेनर का प्रारुप नगर निगम के जोन कार्यालय, मुख्य कार्यालय के स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त किया जा सकता है। अपने दुर्गा पण्डाल स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान दें। स्वच्छता जन आंदोलन बनाने के लिए जनता की भागीदारी आवश्यक है।

हजारों ने दिया आटोग्राफ लिया स्वच्छता संकल्प

भिलाईनगर/ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के थीम के अनुसार सामुहिक स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान निगम क्षेत्र के सभी वार्डो एवं मुख्य कार्यालय में चलाया गया, नगर पालिक निगम, भिलाई के सभी 70 वार्डों के मुख्य चौक-चौराहों पर जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय के कार्यालय प्रांगण में स्वच्छता संकल्प हस्ताक्षर अभियान में वार्ड के नागरिकगण, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, सामाजिक संस्थाओं के लोग बढ़-चढ़कर भागीदार बनें । दुकानों, रेस्तरा, हाटल एवं अन्य स्थलों से उत्पन्न होने वाले कचरे को वैज्ञानिक ढंग से निष्पादन में सहयोग करेंगे। गीले कचरे को हरे डस्टबीन में और सुखा कचरा नीले डस्टबीन में डालेंगे। अपने घरों से निकलने वाले कचरे को निगम के स्वच्छता दुत को ही देंगे हम सब लोग मिलकर स्वच्छता अभियान में सहयोग करेंगे। इसके लिए निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में तीन-तीन मीटर का कपड़ा लगाया गया था जिसपर कक्षा 7 वी. एवं 8 वी. के छात्र-छात्रा श्रेयांस और रिद्धिमा गृहणी रोशनी ने बताया कि मुझे ऐसा लग रहा है कि स्वच्छता अभियान से जुड़कर मैं अपना आटोग्राफ दे रहीं हू। स्वच्छता संकल्प से मैं अपने साथ-साथ अन्य लोगों को भी प्रेरित करुंगी। अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, मुख्य कार्यालय सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, जोन 04 आयुक्त के0एल0 चौहान, जोन 03 में जाकर हस्ताक्षर किये वहा ँ पर उपस्थित सदस्यों को स्वच्छता की संकल्प दिलवाये। हस्ताक्षर अभियान के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी आर0के0 साहू, जोन आयुक्त बी0के0 देवांगन, आर0के0 पदमवार, टी0के0 रणदिवे, संजय शर्मा, प्रशान्त शुक्ला, जनसम्पर्क अधिकारी सुभाष सिंह ठाकुर आदि निगम के अधिकारी, कर्मचारी सम्मिलित हुए।

वार्ड दौरे में अनुपस्थित स्वच्छता सुपरवाइजर को नोटिश जारी

जोन क्र 1 अंतर्गत वार्ड 07 फरीदनगर मुरुमखदान क्षेत्र महापौर के निरीक्षण दौरे पर अनुपस्थित सुपरवाइजर जगन्नाथ को शो कॉज नोटिश जारी करने के निर्देश देने की साथ ही वार्ड के नालियों की सफाई व्यवस्था में देखी गयी लापरवाही को लेकर महापौर भड़क उठे। तय अनुसार प्राप्त जनशिकायत को लेकर महापौर आज वार्ड 07 गदा चौक निवासी गुलनाज बेगम के घर पहुंचे थे जिनकी नाली न होने के कारण पानी निकासी और ढलान की वजह से पानी जाम होने की समस्या को लेकर महापौर को आवेदन किया था जिसपर महापौर ने नाली निर्माण करते हुवे गुलनाज बेगम के घर के बाजू स्थित गली के नाले से जोड़े जाने निर्देश दिए जिससे छोटेरूप से ही समस्या का निदान हो सके , मुरुमखदान शिवपारा में स्थित नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र जोकि बंद अवस्था मे है और मोहल्ले की महिलाओं की मांग रही कि उक्त भवन को फरीदनगर के आंगनबाड़ी का संचालन हेतु न देते हुवे गाँधी कॉलोनी में किराए के मकान में संचालित हो रही आंगनबाड़ी का व्यवस्थापन किया जाए जिससे बच्चों को पढ़ाई करने अत्यधिक दूरी तय न करनी पड़े। जिसे लेकर महापौर ने संबधित विभाग को पत्र प्रेषित करते हुवे उक्त भवन में जल्द आंगनबाड़ी खोले जाने को साथ ही मोहल्लेवासियों की मांग के अनुसार भवन में गाँधी कॉलोनी आंगनबाड़ी को सौपें जाने अथवा दो पाली में आंगनबाड़ी संचालित किए जाने निर्देश दिए जिससे की असुविधा न हो। आंगनबाड़ी के सामने स्थित रिक्त भूमि में पड़े मलबे को हटाए जाने और साथ ही वहां स्थित हैंड पम्प को रोड लेवल में लाते हुवे समतलीकरण किए जाने निर्देश दिए।

बाईक रैली में निकलें मंत्री, विधायक, अधिकारी स्वच्छता जागरुकता संदेश देने

भिलाईनगर/ स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने के लिए जोन 01 नेहरु नगर गुरुद्वारा के पास से स्वच्छता रैली छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विधायक विद्यारतन भसीन, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, पार्षदगण, आयुक्त के0एल0 चौहान, निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की सामुहिक बाईक रैली सुबह 8ः15 बजे रवाना हुई। अग्रसेन चौक, केपीएस चौक, सुर्या माल होते हुए अवंती बाई चौक पर पहुंचकर वहा उपस्थित जन समुदाय को स्वच्छता जागरुकता संदेश दिया गया।रैली इन्द्रा चौक से होते हुए साक्षरता चौक 18 नम्बर रोड, पेट्टी रामलु चौक से ओम शान्ति चौक होते हुए काली बाड़ी से नंदनी रोड एसीसी चौक पर पहुंचने पर स्थानीय निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। श्रमिक बस्ती तिरंगा चौक होते हुए नंदनी रोड होते हुए पावर हाउस आईटीआई, से कटकर पोष्ट आॅफिस होते हुए अण्डा चौक पहुंची वहा पर स्थानीय महिलाओं का समुह उपस्थित था, मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छता अभियान तभी सफल होगा जब हमारी माताएं एवं बहनें व्यापारी भाई अपने घरों से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर न फेंककर नगर निगम के सफाई कर्मचारी को ही देंगे उन्होने निवेदन किया कि अगर किसी कारण वश सफाई कर्मचारी एक दिन नहीं भी आ पाता है तो भी कचरा इधर-उधर न फेंके, स्वच्छता नम्बर 1100 पर शिकायत करें। रैली की झलकियां- मंत्री ने कहा कि बहुत दिनों के बाद आज मोटर सायकल चलाया हू आने से पहले सुबह उठकर प्रेक्टिस कर रहा था, हेलमेट लगाकर धीरे-धीरे समुह में चलाना बहुत सावधानी बरतनी पड़ी।

"स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के अंतर्गत 01 अक्टूबर 2017 तक स्वच्छता मतदान

भिलाईनगर/ भारत सरकार द्वारा स्वच्छता को जन आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2017 तक "स्वच्छता ही सेवा"अभियान नियमित रूप से सभी वार्डों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनों को सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य निरंतर जारी है। इसी अनुक्रम में दिनांक 01 अक्टुबर 2017 को नगर पालिक निगम भिलाई के सभी 70 वार्डों में प्रमुख स्थलों पर स्वहितग्राहियों च्छता मतदान के लिए गुप्त मतदान आम नागरिकों द्वारा किया जायेगा। इस मतदान में उन के नाम से मत डाले जायेगें। जो खुले में शौच का उपयोग करते है। इस हेतु सभी वार्डों के लिए मत पेटिया तैयार की गई है। मतदान का समय प्रात 8 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। मतदान के पश्चात् वार्डवार मतों की गिनती वार्ड में नियुक्त पीठासीन अधिकारियों द्वारा की जावेगी। जोन के जोन आयुक्त द्वारा पीठासीन अधिकारियों के रूप में 01-01 सुपरवाईजर एवं उनके सहायकों की नियुक्ति वार्ड स्तर पर किया गया है। नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के.एल.चैहान ने आम नागरिकों से अपील की है कि 01 अक्टुबर 2017 को मतदान कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेवें तथा आम नागरिक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए ऐसे व्यक्ति जो खुले में शौच का उपयोग करते है, उन्हें मतदान के माध्यम से खुले में शौच करने से रोकने का प्रयास करें।

Editorial Board

श्री कुमार लाल चौहान
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

Contact & Address

श्री सुभाष ठाकुर
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई